तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 1 जनवरी 2024

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



12 हरिभूमि का कैलेंडर घर में सभी के लिए उपयोगी ...





12 सीओबी के शिविर में इलाज के बाद घरेलू ...




## खबर संक्षेप

### गुड व बैड टॅच की दी गई जानकारी



**कांकेर।** एसपी दिव्यांग पटेल के निर्देशन में एएसपी अविनाश ठाकुर के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं बालको के विरुद्ध अपराध अन्वेषण विभाग नूपुर उपाध्याय के नेतृत्व में महिला रक्षा टीम तथा महिला सेल द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालय, इमलीपारा कांकेर में निवासरत कन्याओं को गुड व बैड टॅच, छेड़छाड़, आत्मरक्षा, लैंगिक उत्पीड़न, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट व स्वच्छता के सम्बंध में जानकारी देते हुए भविष्य में ऐसे किसी भी प्रकार की परिस्थिति निर्मित होने पर मोबाइल द्वारा उप पुलिस अधीक्षक तथा महिला रक्षा टीम को जानकारी देने की बात कही गई।

### अज्ञात कारणों से महिला की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत गढ़पारा निवासी 45 वर्षीय यशोदा पटेल पति अमरनाथ का अज्ञात कारणो के चलते 30 दिसंबर की रात साढ़े 8 बजें मौत हो गया। मृतिका के पति ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नि पड़ोस के घर में नशे की हालत मे बैठी थी। घर लाते समय खेत में गिर जाने से चेहरे में चोट आया था। घर आते ही बिस्तर में सो गई। कुछ देर बाद खाना खाने के लिए उठाकर देखा तब उसका शरीर पूरा तरह से अकड़ गया था व उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### भोथा में मानस सम्मेलन 5 से और 12 को देव मेला

**चारामा।** जय मां शीतला मानस गान समिति एवं ग्रामवासी के सौजन्य से 5 जनवरी से तीन दिवसीय राम कथा का आयोजन ग्राम भोथा में मानस गान सम्मेलन के रूप में किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ के 20 ख्याति प्रद मानस मण्डली भाग लेंगे। इस क्रार्यक्रम के मुख्यतिथि सरपंच भोथा राजेश्वरी किशोर, अध्यक्षता दादू सिंह धुरवा होंगे। अंतिम दिवस में गुरु कृपा पंडवानी पार्टी खम्हारिया सिहावा कि प्रस्तुति होगी। मानस गान सम्मेलन यज्ञ में पंडित कृष्ण कुमार शुक्ला एवं गायता प्रभु राम नेताम ग्राम देवी देवता के अगवानी में होगा। ग्राम भोथा का देवा मेला 12 जनवरी को होगा व रात में छत्तीसगढ़ी लोक कला राधा कृष्णा नाचा पार्टी दुर्रेबंजारी राजनांदगांव कि प्रस्तुति होगी।

### घायल का उपचार के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत सीएचसी चारामा में 30 दिसंबर कि रात साढ़े 11 बजें माकड़ी निवासी 22 वर्षीय संदीप मंडावी पिता सुरेंद्र का ईलाज के दौरान मौत हो गया। सीएचसी चारामा के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसे ईलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# आयुष्मान योग के साथ नए साल का शुभारंभ, जनवरी में 11 दिनों का सर्वार्थ सिद्धि योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

नए साल 2024 का शुभारंभ आयुष्मान योग में होने वाला है। आयुष्मान योग को शुभ योग माना जाता है। नए साल के पहले माह जनवरी में 11 दिन सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहे हैं, वहीं एक दिन गुरु पुष्य योग बन रहा है, जो पूरी रात तक है। इस योग में सोना, आभूषण, प्रॉपर्टी आदि की खरीदारी करना शुभ होता है, इससे धन बढ़ता है। 15 जनवरी को मकर संक्रांति से खरमास खत्म हो रहा है, उसके बाद से विवाह का शुभ मुहूर्त प्राप्त हो रहा । 1 जनवरी 2024 को सुबह 3 बजकर 41 मिनट से आयुष्मान योग का निर्माण हो रहा है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार सभी ग्रह एक निश्चित अंतराल पर राशि परिवर्तन कर शुभ-अशुभ राजयोग बनाते हैं, जिसका सीधा असर मानव जीवन और पृथ्वी पर पड़ता है। गुरु को ज्ञान, बुद्धि, अध्यात्म, शिक्षा, धन और धर्म का कारक माना जाता है। वह धनु और मीन राशि का स्वामी है। दिसंबर माह में शश, रुचक और मालव्य राजयोग बन रहा है, इसके साथ ही 31 दिसंबर को बृहस्पति के मार्गी होने से 2 शुभ राजयोग बनेंगे। 1 मई 2024 को दोपहर में बृहस्पति मेष राशि से निकलकर वृषभ राशि में गोचर करेंगे, जिसके बाद 3 मई 2024 की रात को देव गुरु बृहस्पति भी कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार बृहस्पति के मार्गी होने से गजलक्ष्मी राजयोग और केंद्र त्रिकोण राजयोग बनेगा। गजलक्ष्मी के प्रभाव से घर में सुख, शांति, समृद्धि, वैभव आदि का वास होता है, जिस भी राशि में गजलक्ष्मी योग बनता है, उस राशि पर शनि की साढ़ेसाती समाप्त हो जाती है और धन-सुख में वृद्धि होती है। इस योग से सबसे ज्यादा लाभ मेष, कर्क, सिंह, धनु और मकर राशि वालों को होगा।

## 15 को मकर संक्रांति से साथ खरमास का समापन, सोना और प्रापर्टी खरीदना शुभकारी




### केंद्र त्रिकोण राजयोग बनता है

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार केंद्र त्रिकोण राजयोग तब अत्यंत शुभ होता है, जब कुंडली में 3 केंद्र भाव जैसे 3, 4, 7 और 10 केंद्र भाव जैसे 1, 5, 9 एक दूसरे से युति बनाते हैं या दृष्टि संबंध और राशि बनाते हैं। परिवर्तन हो तो केंद्र त्रिकोण राजयोग बनता है।

### जनवरी 2024 में विवाह मुहूर्त

खरमास 15 जनवरी को खत्म होने के बाद मंगलवार 16 जनवरी, बुधवार 17 जनवरी, शनिवार 20 जनवरी, रविवार 21 जनवरी, सोमवार 22 जनवरी, शनिवार 27 जनवरी, रविवार 28 जनवरी, मंगलवार 30 जनवरी, बुधवार 31 जनवरी को विवाह मुहुर्त का योग बन रहा है।

**अपराध :** रायपुर में रेलवे स्टेशन पर मिला सुराग, कांकेर पुलिस सीसीटीव्ही कैमरों को खंगालने में जुटी

# चोरों ने बाइक को नंदनमारा में छोड़ा सवारी बस से भागकर पहुंचे रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- आबकारी विभाग के दुकान प्रभारियों की लापरवाही उजागर, आज जारी हो सकती है नोटिस
- दो शराब दुकानों में हुई थी लाखों की चोरी, मामले का खुलास जल्द होगा

जिला मुख्यालय कांकेर में 27 एवं 28 की दरमियानी रात को सेवानिवृत्त फौजी और शराब दुकान में चोरी करने वाले चार चोर के भागने का सुराग पुलिस के हाथ लगे। सेवानिवृत्त फौजी के घर से चोरी की बाईक को नंदनमारा में छोड़कर सुबह साढ़े 4 बजे बस से रायपुर भागे। रायपुर में भाटागांव रेल्वे स्टेशन के गेट नंबर 2 में देखा गया है। कांकेर पुलिस की दो टीम रायपुर में सीसीटीव्ही कैमरों को खंगालने में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार कांकेर शहर के बरदेभाटा में 27 और 28 की दरमियानी रात को लगभग 2 बजे के आसपास सेवानिवृत्त फौजी के घर में चार चोर चोरी किया और बाईक लेकर शराब दुकान तरफ गए। शराब दुकान के शटर को तोड़कर घुसे, जहाँ चोरों को पैसे की दराज में साढ़े दस लाख मिल गए, उसके बाद चोरो ने सभी टेबल के दराजों की तलाश किया और यहाँ तक फुटकर रखे नोट को भी एक झोला में रखे। चोरी की हुई मोटर सायकल से चारों चोर अन्नपूर्णापारा से ऊपर नीचे रोड होते हुए नंदनमारा पहुँचे। नंदनमारा में सड़क किनारे अंदर साईड बाईक को छोड़ा और नंदनमारा में सुबह साढ़े 4 बजे मनीष ट्रैवल्स की बस में बैठकर रायपुर भाग गए। इस बस की पहचान करने के उपरांत कांकेर पुलिस रायपुर बस स्टैंड भाटागांव में पतासाजी किया। कांकेर पुलिस को पतासाजी में सबूत मिले, उसके अनुसार चोर भाटागांव के बस स्टैंड में गेट नंबर 2 पर नजर आएं, उसके उपरांत सार्वजनिक शौचालय भी गए। सार्वजनिक शौचालय के कर्मचारियों ने चोरो की पहचान भी किया। उसके आगे की पहचान करने के लिए कांकेर जिले की पुलिस की दो टीम रायपुर में सीसीटीव्ही कैमरों को खंगालने में लगी हुई है। पुलिस के पास चारों चोर के चेहरे की फोटो मिल चुकी है। जाँच में जुटी पुलिस को विश्वास है कि चोर आज नहीं तो कल पुलिस के हत्थे चढ़ना तय है।

## आबकारी विभाग जारी कर सकता है नोटिस




आबकारी विभाग के आला अधिकारी इस मामले में लापरवाही बरतने वाले आबकारी विभाग के प्रभारी अधिकारियों को शो काज नोटिस जारी कर सकती है। आबकारी विभाग के दुकान के प्रभारी अधिकारियों की लापरवाही के कारण ही मल्टी परपज कर्मचारी को सुपरवाईजर का प्रभार दिए जाने के कारण इन कर्मचारियों के द्वारा लापरवाही बरतते हुए कैश को लाँकर में न रखकर काउंटर पर ही रखकर चले गए थे और लाँकर की चाबी भी काउंटर में छोड़ दिया था, जिसके चलते देशी शराब की काउंटर में रखी रकम की भी चोरी हो गई। आबकारी विभाग के दुकान प्रभारी अधिकारी औचक निरीक्षण करते तो यह लापरवाही पहले भी सामने आ सकती थी।

### रायपुर से किधर भागे, जांच जारी

कांकेर और कोंडागांव में चोरी करने वाले चोर रायपुर से आगे किधर भागे है, इसकी जाँच जारी है। रेल्वे स्टेशन, भाटागाँव बस स्टैंड और आसपास ईलाके के सीसीटीव्ही कैमरों की जाँच की जा रही है। चोर प्रदेश के है या प्रदेश के बाहर के है, इस पर पुलिस अभी कुछ नहीं कह रही है। रायपुर से आगे भागने के सबूत मिलने के बाद ही कोई तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

### बाइक मिल गई, जांच जारी है

कोतवाली प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि चोरो ने चोरी की हुई बाईक को नंदनमारा में छोड़ा था, जो मिल गई है। चोर वहीं से सवारी बस में बैठकर रायपुर की ओर गए है, उसकी पुष्टि हो चुकी है। रायपुर के आगे किधर गए है, उसकी जांच जारी है।

# ओटोमोबाइल कोर्स रोजगारमूलक युवकों के लिए शानदार है मौका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

शासकीय स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय पटौद में नवीन व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित व्यावसायिक ट्रेड ऑटोमोबाइल में अध्ययनरत 11 वीं एवं 12वीं के छात्र छात्राओं को 10 दिवसीय विंटर इंटर्नशिप कराया जा रहा है। ऑटोमोबाइल ट्रेड के व्यावसायिक प्रशिक्षक गौरव मिरानी ने बताया कि इस इंटर्नशिप में 11 वीं एवं 12वीं कक्षा के 47 विद्यार्थी विभिन्न शोरूम एवं सर्विस सेंटर में कार्यरत हैं, जिनमें 11 छात्राएं शामिल हैं। इंटर्नशिप में इन्हें सेल्स एवं सर्विसिंग के कार्यों के साथ-साथ विभिन्न मशीनों उपकरणों को समझने एवं उन पर कार्य करने का अवसर मिल रहा है। छात्र डेंटिंग पेंटिंग, जनरल सर्विसिंग, वेल्डिंग प्री डिलीवरी इंस्पेक्शन, इंश्योरेंस एवं आरटीओ से संबंधित कार्य, वाहनों में विभिन्न नवीन तकनीक, वॉशिंग जैसे कार्य सीख रहे हैं जिससे छात्रों के प्रायोगिक ज्ञान में वृद्धि होगी एवं अपने लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर बनाने में सक्षम होंगे। इंटर्नशिप के बाद विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। विद्यालय के प्राचार्य डीएस निषाद के मार्गनिर्देशन में ऑटोमोबाइल के छात्रों को सैद्धांतिक के साथ-साथ प्रैक्टिकल ज्ञान के लिए समय-समय पर औद्योगिक भ्रमण, अतिथि व्याख्यान, ऑन जॉब ट्रेनिंग एवं इंटर्नशिप कराया जा रहा है, जिससे विषय के प्रति छात्र-छात्राओं की रुचि बढ़ी है।

### अधिक शराब पीने से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत इरपानार निवासी बुधुराम गावड़े पिता लाठीराम का 30 दिसंबर को दोपहर 3 बजें बजे मौत हो गया। मृतिका की पत्नि इरपानार निवासी 33 वर्षीय लक्ष्मीबाई गावड़े ने पुलिस को बताया कि मृतक बहुत ही ज्यादा शराब का सेवन करता था। घटना के दिन उसके पति अत्याधिक शराब पिकर सोया हुआ था। दोपहर 3 बजें देखी तो बुधुराम गावड़े का मौत हो चुका था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# पेयजल आपूर्ति ढप, शहरवासियों ने झेली परेशानी, आज होगा समाधान

- पेयजल आपूर्ति ढप होने से शहरवासी बेहाल, 2024 में मिलेगा भरपूर पानी

**कांकेर।** जिला मुख्यालय कांकेर में शहर में पानी की सप्लाई नहीं होने से शहरवासी साल के अंतिम दिन परेशान रहे। पानी सप्लाई नहीं होने का सबसे बड़ा कारण यह रहा कि इंटेक बोरवेल बागोडार में समस्या आने के कारण पानी की सप्लाई नहीं हो पाई। एसडीएम की मानें तो पानी की सप्लाई नए वर्ष के पहले दिन हो जाएगी। जानकारी के अनुसार साल के अंतिम दिन सुबह सुबह टाईमिंग नल में पानी नहीं आने से शहर के आमापारा, शिवनगर, माहुरबंदपारा, उदय नगर, संजय नगर एवं अन्य वार्डो के लोग परेशान रहे और जिम्मेदारों से फोन की घंटी घनघनाते रहे। नगरपालिका के सीएमओ के अवकाश में होने पर उनके स्थान पर प्रभारी सब इंजीनियर राजेश मिश्रा के फोन की घंटी बजती रही, परंतु फोन रिसीव करने से कतराते रहे। शहर के लोग सुबह 8 बजे तक इंतजार किए और उसके बाद हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर हुए वहीं कई वार्ड में सक्रिय पार्षदों ने पानी टैंकर को पहुंचाने का प्रयास किया। शहरवासियों का कहना है कि पानी सप्लाई बंद करना था, इसके लिए एनांउस या समाचार पत्रों में जानकारी दिया जाना था, परंतु ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसके अलावा नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारियों को फोन किया जाता है, वो फोन रिसीव नहीं करते है। नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण आम आदमी को शहर के लोगों को सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। जिले में पदस्थ कई अधिकारी अभी भी कांग्रेस सरकार की स्टाईल में काम कर रहे है, आम नागरिक के ▶▶ शेष पेज 10 पर

# गुड़फेल कबड्डी स्पर्धा के समापन में पहुंचीं विधायक, जताई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल



विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दमकसा के आश्रित ग्राम गुड़फेल में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता के समापन में विधायक सावित्री मनोज मंडावी पहुंची। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करना बड़ी बात है।

खेलकूद से आपसी ताल-मेल, खेल भावना एवं छोटे बच्चों को सीखने का अवसर मिलता है। खेलकूद प्रतियोगिता से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रतियोगिता का आयोजन करने के लिए आयोजक समिति का साहरना किया गया। ग्राम गुड़फेल में तीन लाख रुपएं का रंग मंच भवन निर्माण के लिए विधायक के द्वारा घोषणा की गई। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम कोयतोर कल्ब गुड़फेल, द्वितिय सुंदर नगर, तृतीय बरहेली व चतुर्थ बरपारा रही।

प्रतियोगिता समापन के अवसर पर भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर उपाध्यक्ष सुनाराम तेता, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शोपसिंह आंचला, बीरेंद्र सिंह ठाकुर, अमर कचलाम, धनीराम ध्रुव, उदय पुरामें, विजय कल्लो, लक्ष्मण, मनकर बोग्गा, उदय कल्लो, सुनील कल्लो, संजय कल्लो, जितेंद्र बोगा, दल सिंह बोगा, अनिल व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# कोयलीबेड़ा में स्टेट बैंक शाखा की मांग 25 किमी की यात्रा से मिलेगा छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोयलीबेड़ा




विकासखण्ड कोयलीबेड़ा के अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय में एसबीआई बैंक शाखा खोलने की मांग क्षेत्रीय जनता वर्षों से कर रही है, यहां 20 वर्ष पूर्व ग्रामीण बैंक की शाखा हुआ करता था, उसे अंतागढ़ में शिफ्ट किया गया, जिसके बैंक के खाताधारक विगत 20 वर्षों से लेनदेन करने के लिए 25 किलोमीटर की दूरी तय कर अंतागढ़ जाना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार कोयलीबेड़ा विकासखंड मुख्यालय में 10 वर्ष पूर्व प्राइवेट बैंक आईसीआईसीआई की शाखा खोला गया, इस बैंक में अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी एवं ग्राम पंचायत के खाताधारक है। गरीब, बेरोजगार व किसान को सरकार की योजना मुद्रा लोन अन्य व्यवसाय योजना सहित सरकारी योजना का लाभ बैंक नहीं दे रही है, जिससे क्षेत्र के बेरोजगार युवा, छोटे व्यापारी व महिलाओं को सरकार की ऋण योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। कोयलीबेडा में एसबीआई का दो ग्राहक सेवा केंद्र है। क्षेत्र के सुदूर 65 गांव के आदिवासी गरीब किसान मजदूर का जनधन खाता खोला गया है, जिसमें केंद्र सरकार की निर्देश से खाता खोलना अनिवार्य था। गरीब जनता का धान, तेंदूपत्ता बोनस, पेंशन, मजदूरी, मनरेगा सहित सरकारी योजना की राशि गरीब जनता सहित पेंशनधारी, किसान, बेरोजगार-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सभी को वर्षों से 25 किलोमीटर बैंक कार्य के लिए आज भी अंतागढ़ जाना पड़ रहा है, जबकि यह ब्लॉक मुख्यालय है, अभी तक एसबीआई का बैंक शाखा यहां खुल जाना चाहिए था। अंतागढ़ ब्लॉक के ताड़ोकी, भानुप्रतापपुर के केवटी एवं हॉटकर्रा जैसे छोटे-छोटे गांव में एसबीआई की शाखा कई वर्षों से संचालित हो रही है। क्षेत्र की जनता वर्षों से कोयलीबेड़ा में एसबीआई ग्रामीण बैंक की शाखा खोलने की मांग कर ▶▶ शेष पेज 10 पर

सीधे उनके खाते में जमा होता है। गरीब जनता जनधन खाता खुलावा तो दिया है, लेकिन लेन देन कहां से करेगा। लेनदेन नहीं होने के कारण क्षेत्र के सैकड़ो जनता का खाता होल्ड हो चुका है। धान की राशि या मजदूरी का राशि जमा होता है, तो राशि निकालने के लिए केवाईसी करना पड़ता है। केवाईसी कराने के लिए बैंक एसबीआई शाखा अंतागढ़ 25 किलोमीटर की दूरी तय कर जाना पड़ता है। पढ़े-लिखे जानकार तो केवाईसी करा लेते हैं, लेकिन गांव देहात के अनपढ़ जनता को केवाईसी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीणों को बैंक में भीड़ अधिक होने के कारण 2 से 3 बार आना जाना पड़ रहा है, जिसके कारण आर्थिक व मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# जलाशय व नहरों का सुधार और जीर्णोद्धार कार्य जल्द शुरू करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



जिले के कांकेर विकासखंड के ग्राम कुरूष्टीकुर में बांधापारा सिंचाई तालाब की जर्जर नहरों के जीर्णोद्धार का काम जल्द शुरू किया जाएगा। जीणोद्धार के बाद कुरूष्टीकुर एवं बारदेवरी के किसानों के खेत की सिंचाई सही ढंग से हो पाएगी। जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंत आरके सिंघई ने बताया कि वर्तमान में नहरों की स्थिति ठीक नहीं है, जिसके कारण नहरों के अंतिम छोर तक जलाशय का पानी नहीं पहुँच रहा है तथा किसानों को सिंचाई का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि बांधापारा जलाशय तथा नहरों के सुधार और जीर्णोद्धार कार्य के लिए निविदा आमंत्रित कर कार्य एजेंसी तय की जा चुकी है। उक्त कार्य की अनुबंधित राशि 187.20 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि इसके लिए एजेंसी को कार्य-आदेश जारी किया जा चुका है तथा शीघ्र ही कार्य प्रारंभ हो रहा है। इस कार्य में नहरों की लाइनिंग के साथ-साथ कुछ संरचनाओं का निर्माण कार्य भी शामिल है। कार्यपालन अभियंता ने यह भी बताया कि इसके पूर्ण होने से नहरों के अंतिम छोर के किसानों को सिंचाई का लाभ मिल सकेगा।

**पश्चिमी विक्षोभ के चलते रात के तापमान में बढ़ोतरी, ठंड से राहत**

# नए साल के पहले हफ्ते में बारिश व ओलावृष्टि के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- अभी एक दो दिन मौसम का मिजाज इसी तरह रहेगा



क्षेत्र में इन दिनों मौसम शुष्क बना हुआ है। हवाओं का रुख बदलने से रात के तापमान में उछाल आने लगा है, इस वजह से ठंड से भी राहत मिल गई है। पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव देखने को मिला है।

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो पाकिस्तान के आसपास द्रोणिका के रूप में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण वातावरण में नमी रहने के कारण सुबह के समय कोहरा छा रहा है, अगले दो तीन दिन मौसम इसी तरह रहने की संभावना है। इस दौरान रात का पारा दो से तीन डिग्री और बढ़ सकता है। मौसम में बदलाव होने से कई क्षेत्र में अनेक स्थानों पर बादल है। सुबह धूप भी बहुत देर से निकली और तेज धूप नहीं थी। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो तीन दिन मौसम इसी तरह रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में हल्का उतार चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। 29 दिसंबर से एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया, यह विक्षोभ मजबूत होने के कारण इसके असर में 30 दिसंबर से 2-3 जनवरी तक प्रदेश में अनेक स्थानों पर कई जिलों में बूंदाबांदी के साथ ओलावृष्टि की भी संभावना हो सकती है। उत्तर से ठंडी हवा आ रही है, जबकि पूर्व से गर्म हवा चल रही है। दोनों हवाओं के मिलन के कारण कोहरे की स्थिति बन रही है।

मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो पूर्वी हवा के चलते पूरी तरह से सर्द हवा का प्रवेश नहीं हो रहा है। इसके कारण तापमान में बहुत ज्यादा गिरावट नहीं हो रही है। अभी एक दो दिन मौसम का मिजाज इसी तरह रहेगा, वहीं नए साल का शुरुआती सप्ताह तक मौसम में उतार-चढ़ाव दिखेगा।


पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप

### गणेशपुर में मड़ई 5 को

**जीजामगांव।** ग्राम गणेशपुर में 5 जनवरी शुक्रवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम सुर सरिता कोपेडीह अभनपुर की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि कल्याण यादव ने दी है।

### दरगहन सलोनी में मड़ई 7 को

**नगरी।** ग्राम दरगहन सलोनी में ग्रामवासियों के सहयोग से 7 जनवरी रविवार को मेला मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन हेतु मोर गाव के भुंईया नाचा पार्टी माउलीभाटा जिला नयापारा ओडिसा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष चैनसिंग साहू, भानसिंग साहू, मैकूराम साहू और टिकेश्वर साहू ने दी है।

### चयन परीक्षा 10 मार्च को आवेदन 25 जनवरी तक

**धमतरी।** जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिये 10 मार्च को चयन परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसके लिये इच्छुक विद्यार्थियों से 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

पेज 09 के शेष ...

### पेयजल आपूर्ति ठप...

प्रति जो जिम्मेदारी होती है, उससे बचने का प्रयास कर रहे है। एसडीएम मनीष साहू से पानी की समस्या पर बात किया तो उन्होने बताया कि दसपुर से मेन पाईप लाईन खराब हो जाने के कारण पानी सप्लाई नहीं हो पाई है। देर शाम तक ठीक हो जाने के बाद रात को या सुबह पानी की सप्लाई की जाएगी।

### कोयलीबेड़ा में स्टेट...

रहे हैं, लेकिन कोई भी सरकार ध्यान नहीं दे रही न ही प्रशासन ध्यान दे रहा है। क्षेत्र की जनता एवं जनप्रतिनिधियों ने शीघ्र ही कोयलीबेड़ा में एसबीआई बैंक शाखा खोलने की मांग किया है।

# कलेक्टर श्री सोनी ने की प्रधानमंत्री आवासों के निर्माण की समीक्षा

## स्वीकृत आवासों का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में निर्माणाधीन आवासों के प्रगति की समीक्षा की। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने आवासों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि जिले में स्वीकृत 15994 आवासों में 7455 आवासों का निर्माण पूर्ण होने के बाद अब 8539 आवासों का निर्माण प्रगतिरत है। शासन द्वारा शीघ्र ही जिले में 30 हजार से अधिक आवासों के निर्माण की स्वीकृति भी प्रदान की जाएगी। नए आवासों के निर्माण की स्वीकृति के पहले ही इन सभी निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में निर्माणाधीन तथा स्वीकृत किए जाने वाले आवासों की संख्या को देखते हुए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने भवन निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री की उपलब्धता के लिए स्थानीय स्व सहायता समूहों को व्यवसाय के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही ग्राम पंचायतों को तैयारी करना चाहिए। छत ढलाई के लिए सेंट्रिंग की उपलब्धता किराए में की जा सकती है, जिससे ग्राम पंचायतों की आय में भी वृद्धि होगी।

### हितग्राहियों को राहत मिलेगी

आवासों के निर्माण से जहां हितग्राहियों को राहत मिलेगी, वहीं गांव के विकास में भी प्रगति आएगी। उन्होंने सभी विकासखण्ड समन्वयकों को आवास निर्माण के प्रगति का जायजा लेने के लिए प्रतिदिन भ्रमण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा मनरेगा के जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी सहित सरपंच व सचिव उपस्थित रहे।

## जिले के 10 ग्राम पंचायतों में किया गया ड्रोन कृषि तकनीक प्रदर्शन

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्रामीणों को बताया जा रहा ड्रोन कृषि का तरीका





हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत जिले के सभी ग्रामों में ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया का छिड़काव खेतों में करने का प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके तहत अब तक कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार 10 ग्राम पंचायतों में ड्रोन के माध्यम से कृषि का प्रदर्शन एवं जैविक कृषि तकनीकों के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी गयी है। इसके साथ ही किसानों के खेतों में कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में डेमोंस्ट्रेशन किया जा रहा है। इस संबंध में कृषि विभाग के अधिकारी द्वारा किसानों को बताया गया कि ड्रोन से बेहतर दक्षता के साथ भूमि के बड़े क्षेत्रों को जल्दी और कुशलता से नैनो यूरिया का छिड़काव किया जा सकता है। इसका सार्थक लाभ यह होता है कि किसानों कम लागत लगेगी और खेतों में फसल की पैदावार बेहतर होगी इसके साथ ही फसल स्वास्थ्य पर डेटा इकट्ठा करने के लिए ड्रोन का उपयोग किया जा सकता है। जिससे किसानों को उन क्षेत्रों की पहचान करने की अनुमति मिलती है, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों को कम लागत का भी लाभ मिलता है। ड्रोन खेत के उन क्षेत्रों को पहचान करके लागत कम करने में मदद कर सकते हैं, जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। किसानों को खेत में छिड़काव करने के लिए अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ेगी, इसके साथ ही कीटनाशकों और अन्य रसायनों का उपयोग को कम करना है। ड्रोन के उपयोग का लाभ कृषि कार्य हेतु घुलनशील रसायन एवं कीटनाशकों का छिड़काव हेतु उपयोग। कृषि कार्य हेतु ड्रोन के माध्यम से 10 मिनट में ही एक एकड़ खेत में छिड़काव किया जाता सकता है। आवश्यकता अनुसार रहेगा कृषि कार्य हेतु ड्रोन को जीपीएस के माध्यम से सही जगह एवं दिशा में रखा जा सकता है। जिससे निर्धारित क्षेत्र में स्प्रे किया जा सकता है। इसके साथ ही ड्रोन का फ्लाइट समय बैटरी पावर पर निर्भर करेगा। इस प्रयास की सरहाना विधायक कोण्डागांव लता उसेण्डी द्वारा नेवता में ड्रोन प्रदर्शन देखकर किया है। किसानों में ड्रोन के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है। गांव गांव में ग्रामीण ड्रोन द्वारा कृषि विधियों को जानने के लिए सैकड़ों की संख्या में शिविरों में पहुंच रहे है।

# तेज रफ्तार बाइक व स्कूटी में टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में शहर के युवा फुटबॉल खिलाड़ी की मौत हो गई। मौत की खबर लगते ही शहर के खेल प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



जानकारी के मुताबिक हादसा शनिवार शाम 7.30 बजे के लगभग गुरूगोविंद सिंह चौक व कोर्ट तिराहे के बीच एचडीएफसी बैंक के सामने हुआ। तेज रफ्तार स्कूटी व बाइक के बीच यह टक्कर हुई, जिसमें स्कूटी सवार अरूण कुमार डे 32 वर्ष निवासी अटल बिहारी वार्ड धरमपुरा की मौत हो गई। वहीं स्कूटी में सवार उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं हादसे के बाद बाइक सवार घटनास्थल से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। मृतक अरूण कुमार डे होनहार फुटबॉल खिलाड़ी था, जिसकी मौत की खबर से खेल प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई। बोधघाट थाना प्रभारी डीएसपी विशाल गर्ग ने बताया कि दुर्घटना करने वाले बाइक की पहचान कर ली गई है। वहीं धारा 304 ए के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है, जल्द ही आरोपी बाइक चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं अरूण की मौत की खबर लगते ही सोशल मिडिया वाट्सएप ग्रुप में शहर के युवा खिलाड़ियों द्वारा श्रद्धांजंलि दी जाती रही। रविवार को पीएम के बाद उसका अंतिम संस्कार धरमपुरा मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में खेल से जुड़े युवा मौजूद रहे। वहीं खिलाड़ियों द्वारा सिटी ग्राउण्ड में सोमवार को शोकसभा का आयोजन किया गया है, जहां उसे श्रद्धांजंलि दी जाएगी।

# धनोरा से भाटगांव मार्ग नदी पर पुलिया निर्माण का भूमिपूजन हुआ



हरिभूमि न्यूज ▸▸| धनोरा

शनिवार को धनोरा से भाटगांव सड़क मार्ग पर पिछले कई वर्षो से धनोरा से देवगांव जाने वाले सड़क मार्ग पर भाटगांव के पास वाली नदी में वर्षा मौसम में बाढ़ आने पर उसी मार्ग से गुजरने वाले ग्रामवासियों को बनियागाव से गुमकर जाने में मजबूर थे, किंतु आने वाले वर्षो मौसम के पहले क्षेत्र वासियों के उन पुराने मांग केसकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने शनिवार को पुलनिर्माण की भूमी पूजन कर क्षेत्र वासियों के उन पुराने सपना आज पूरा करने सैकड़ों क्षेत्र वासियों के साथ पुलिया निर्माण के लिए भूमी पूजन किया गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नीलकंठ टेकाम, अध्यक्षता महेश्वरी कोर्राम, जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि गणों में ललिता सेठिया, जनपद सदस्य, रोहित नाग जनपद सदस्य, वीरेंद्र बघेल जनपद सदस्य, राकेश मरकाम, सरपंच भाटगांव, भाजपा नेता आकाश मेहता, रमेश कुमार यादव, रामलाल सलाम वा अन्य बड़ी संख्या में कार्यकर्थागण उपस्थित रहे।

# नए वर्ष से पूर्व शराबी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करते हुए कोतवाली व ट्रेफिक पुलिस द्वारा 15 से अधिक वाहन चालकों के खिलाफ 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रूपए का जुर्माना करते हुए मामला न्यायालय में पेश किया गया है। वहीं मोटर व्हीकल एक्ट की अन्य धाराओं में कार्रवाई करते हुए 21 वाहन चालकों से हजारों रूपए समन शुल्क वसूला गया। ट्रैफिक डीएसपी संतोष जैन व कोतवाली प्रभारी लीलाधर राठौर ने बताया कि पिछले एक सप्ताह के अंदर दो दर्जन से अधिक शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। शराबी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शहर के अंदर व बाहरी क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर वाहनों की जांच की जा रही है। इसी दौरान कोतवाली पुलिस द्वारा 11 मामले शराब पीकर वाहन चलाने वाले तथा 21 मामले यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ की गई। शराबी वाहन चालकों के खिलाफ 185 एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रुपए का जुर्माना करते हुए मामला न्यायालय में भेजा गया है। वहीं अन्य 21 वाहन चालकों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 17 हजार 9 सौ रूपए समन शुल्क वसूला गया। वहीं ट्रैफिक डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि शराबी वाहन चालकों के खिलाफ आधा दर्जन मामला दर्ज कर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना करते हुए मामला न्यायालय में भेजा गया है। इसके अलावा एमवी एक्ट के तहत 30 से अधिक मामला दर्ज कर समन शुल्क वसूला गया।



### शराबी वाहन चालकों पर रहेगी नजर

एएसपी महेश्वर नाग ने बताया कि नए वर्ष के जश्न के दौरान हुदगड़ मचाने वालों पर नजर रखी जा रही है। शराब पीकर या मारपीट करते मिलने पर उनका नया वर्ष जेल में गुजरेगी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि नए वर्ष का जश्न शालिनता से मनाए ताकी दूसरों को दिक्कत न हो। नएवर्ष का जश्न मनाने वालों पर कार्रवाई करने के लिए शहर के अंदर व बाहरी क्षेत्रों में दर्जन भर फिक्स पाईंट बनाए गए है, जहां वाहन चालकों की तलाशी लेकर नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# नए वर्ष के जश्न के लिए 50 लाख से अधिक के बिके मांस व मदिरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

- एक ही दिन में 35 लाख से अधिक की शराब बिकी





नव वर्ष के जश्न के लिए लोगों ने जमकर मांस व मदिरा की खरीददारी की। बाजार का हाल यह था कि रविवार दोपहर होते तक बाजार से देशी मुर्गा गायब हो गया। वहीं सरकारी शराब की दुकानों के रेक भी खाली होने लगा था। एक आंकड़े के मुताबिक एक ही दिन में बस्तर की शराब दुकानों से शौकीनों ने 35 लाख रूपए से अधिक की शराब खरीदी वहीं 15 लाख रूपए से अधिक की बकरा व देशी व बायलर मुर्गा की लोगों ने खरीददारी की।

नए वर्ष के जश्न के लिए लोगों ने सुबह से ही लोगों का शराब व नानवेज की दुकानों में आना शुरू हो गया था। शहर के अलग अलग क्षेत्रों में संचालित मांस की दुकानों में एक आंकड़े के मुताबिक 5 सौ से अधिक बकरे कटे। वहीं देशी मुर्गा लेने के लिए लोगों को कतार में खड़ा होना पड़ा दोपहर होते तक देशी मुर्गे बाजार से गायब हो गए। लोगों ने आम दिनों में 4 सौ रूपए किलो में खरीदी जाने वाले देशी मुर्गे 550 रूपए किलो में खरीदे। देशी मुर्गे की भारी मांग को देखते हुए दुकानदारों ने दोपहर के बाद आस पास के गावों से मुर्गे खरीदकर लाना शुरू कर दिया जिसके बाद शाम तक देशी मुर्गे का यह स्टॉक भी समाप्त हो गया। बकरा व्यवसायी भरत बघेल ने बताया कि दोपहर तक उसकी दुकान से 50 से अधिक बकरे की बिक्री हो चुकी थी वहीं जश्न के चलते लगभग इतने ही बकरे और बाधें गए थे और मांस का बाजार रात तक गुलजार रहा।

### शाम होते तक शराब दुकानों के काउण्टर होने लगे खाली

शहर व बाहरी क्षेत्र नगरनार में संचालित अग्रेंजी शराब दुकान में शाम होते होते काउण्टर खाली होने लगे। शहर के चांदनी चौक, नए बस स्टेण्ड मार्ग, कर्गोली, गीदम मार्ग व नगरनार स्थित अग्रेंजी शराब दुकान से नए साल के जश्न के लिए लोगों ने शराब की जमकर खरीददारी की। आलम यह था कि शाम होते होते इन दुकानों के काउण्टर खाली होते गए। एक आंकड़े के मुताबिक इन दुकानों में एक ही दिन में 35 लाख रूपए से अधिक के शराब की खरीददारी की गई। इस सबधं में जानकारी लेने आबकारी विभाग के डीईओ से सम्पर्क का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो सका लेकिन दुकानों में तैनात सेल्समेनों की माने तो शाम होते तक एक एक दिकान से 5 से 10 लाख रूपए तक की शराब बेचे जा चुके थे।

# विधायक विनायक गोयल ने किया मां दंतेश्वरी दर्शन



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

चित्रकोट विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक विनायक गोयल ने बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दर्शन करने दंतेवाड़ा पहुंचे। भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने विधायक का गीदम में भव्य स्वागत किया। विधायक ने देवी दर्शन के साथ पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। विधायक ने भाजपा गीदम मण्डल अध्यक्ष राजेश कश्यप के घर पहुंचकर परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। इस दौरान नविन विश्वकर्मा, धीरेन्द्र प्रताप, दुर्गा सिंह चौहान, राकेश कुशवाहा, मनीष सुराना, मण्डल अध्यक्ष राजेश कश्यप, राजा गुप्ता, रामु नेताम, श्रवण कड़ती, अनिल जॉर्ज, श्याम सिंह, राहुल असरानी, कुणाल ठाकुर, ममता गुप्ता, सरपंच उमेश कश्यप, रजनीश सुराना, सुजीत ठाकुर, साजन सिंह, दिनेश कौशल, वीरेश मिश्रा, चन्दन ध्रुव, निखिल नाग, शम्भू यादव, बृजेश राणा, शिव, राजेंद्र स्वाई, हरमिंदर सिंह, अनीश जार्ज, शैलेन्द्र सिंह, अमित अधिकारी, रोशन शर्मा, नीरज शर्मा एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ में विश्वकर्मा आयोग के गठन की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश बने हुए लगभग 23 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन सरकार मे समाज की सहभागिता नहीं है। छत्तीसगढ़ विश्वकर्मा मय (बढ़ई), मनु (लोहार) कल्याण संघ ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से भेंट कर विश्वकर्मा आयोग के गठन की मांग रखी है। उन्हें अवगत कराया कि पूरे छत्तीसगढ़ में विश्वकर्मा समुदाय के लोगों की संख्या लगभग 20 लाख हैं, लेकिन इनके उत्थान हेतु किसी भी प्रकार का कोई बोर्ड का गठन नहीं किया गया है, अन्य राज्यों में विश्वकर्मा आयोग का गठन सरकार द्वारा किया गया है। विश्वकर्मा समाज मांग की कि छत्तीसगढ़ में विश्वकर्मा आयोग का गठन करवाने की विशेष पहल करें, जिससे समाज के लोगों का मनोबल बढ़ेगा और सरकार में समाज के लोगों की सहभागिता बनी रहेगी। विश्वकर्मा समाज के लोग पूरे छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में ग्राम, कस्बों, शहरों में निवास रहता है, जो पिछड़ी जाति के अंतर्गत आते हैं, उनके विकास हेतु विश्वकर्मा आयोग के गठन की अति आवश्यकता है। विश्वकर्मा आयोग के गठन से समुदाय के लोगों की सहभागिता सरकार में होगी और उनके उत्थान हेतु विशेष प्रयास किया जा सकता है।

## डीएमएफ से स्वीकृत कार्यों पर भाजपा सरकार ने लगाई रोक

# करोड़ों के बंदरबांट पर सरकार की नकेल

### कमीशनखोरी की भेंट चढ़ चुके निर्माण कार्यों पर रोक से ठेकेदारों मे हड़कंप

लीलाधर राठी ▸▸| सुकमा

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक अहम फैसले ने प्रशासनिक अमलों के साथ-साथ ठेकेदारों में हड़कंप मचा दिया है। डीएमएम मद से स्वीकृत ऐसे कार्य जो प्रारंभ नहीं हुए है या फिर प्रक्रिया में है उसे तत्काल प्रभाव से रोकने के आदेश का असर दिखने लगा है। जिला निर्माण समिति सहित अन्य एजेंसियों द्वारा ऐसे सभी कार्या की जानकारी दिए जाने की खबर है।

सुकमा जिला वर्ष 2023 में डीएमएफ मद को लेकर सुर्खियों में रहा है। यहां से स्वीकृत करोड़ो के निर्माण कार्यो की बंदरबांट से जहां विपक्ष ने भी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला थो लेकिन कांग्रेस के बड़े प्रभावशाली नेताओं के दबाव के आगे प्रशासनिक अमला भी मौन स्वीकृति के साथ चुप्पी साध बैठा। वही हाल ही में भाजपा सरकार के सत्तासीन होने के बाद डीएमएफ से स्वीकृत ऐसे कार्य जो प्रोसेस में है या कार्य प्रारंभ नहीं हुए है उसे तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के आदेश के बाद प्रशासनिक अमलों के साथ-साथ ठेकेदारों में भी हड़कंप व्याप्त हो गई है। भाजपा सरकार ने सत्तासीन होने के चंद दिनों के भीतर ही आदेश जारी करते हुए कहा कि डीएमएफ से स्वीकृत कार्य जो प्रारंभ नहीं हुए हैं, उन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाते हुए अप्रारंभ कार्यों की पुनः समीक्षा और शासी परिषद के अनुमोदन के अनुसार ही होगी। शासन के आदेश में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि अग्रिम कार्यवाही डीएमएफ शासी परिषद की बिना प्रशासकीय स्वीकृति के कोई नया कार्य प्रारंभ नहीं करने के निर्देश के साथ-साथ जिले के सभी नवनिर्वाचित विधानसभा सदस्य, डीएमएफ शासी परिषद के पदेन सदस्य होंगे। छत्तीसगढ़ जिला खनिज संस्थान न्यास नियम, 2015 (यथा संशोधित) अन्तर्गत कलेक्टर–सह– अध्यक्ष, जिला खनिज संस्थान न्यास/शासी परिषद द्वारा ऐसे कार्य जिन्हें प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, परन्तु कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, ऐसे अप्रारंभ कार्यों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगायी जाये। शासी परिषद् द्वारा ऐसे अप्रारंभ कार्य की पुन समीक्षा की जाए। तत्पश्चात शासी परिषद के निर्णय/अनुमोदन अनुसार ही अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की जाए। कलेक्टर सह–अध्यक्ष, जिला खनिज संस्थान न्यास द्वारा शासी परिषद के बिना प्रशासकीय स्वीकृति के कोई भी नये कार्य प्रारंभ नहीं किए जाएं।



#### सभी कार्यो पर ब्रेक

सुकमा कलेक्टर हरीस एस ने कहा कि चुनाव आचार संहिता से ही सुकमा जिलें में सभी कार्यो पर हमने रोक लगा दिया था। हालांकि शासन के आदेश पर अमल करते हुए ऐसे सभी कार्य जो कि डीएमएफ मद से स्वीकृत हुए है उसकी विभागवार जानकारी मंगा ली गई है जैसे ही शासन से नया आदेश प्राप्त होगा उसी के हिसाब से कार्य प्रारंभ किया जावेगा।



#### जिला निर्माण समिति रहा सुर्खियों में

वैसे जिला निर्माण समिति भले ही पूर्व के कई वर्षो से ही एक खास अधिकारी के वजह से सुर्खियों में रही हो लेकिन सबसे ज्यादा 2023 में उक्त एजेंसी ने सुर्खिया बटोरी है। गोपनीय टेंडर से लेकर भई भतीजावाद ने कई करोड़ों के कार्यो का बंदरबांट कर शासन को करोड़ों का चुना लगाया गया है। हालांकिन जिला निर्माण समिति के क्रियाकलाप को लेकर क्षेत्र की भाजपा व भाकपा ने भी कई दफे मामले को प्रशासन के समक्ष रखा लेकिन प्रशासनिक अमलों ने कोई तव्वोजब नहीं दिया।

#### जिला निर्माण के ये कार्य

सुकमा जिले में सुर्खियों में रहने वाले जिला निर्माण समिति में वैसे तो कई कार्यो की जानकरी चौथे स्तंभ तक नहीं पहुंच पाती थी लेकिन प्राप्त कार्यो की सूची में मानकापाल से नागलगुण्डा सड़क पुलिया 98 लाख, काकड़ीआमा से रानीबहाल पुलिया 1 करोड़, एनएच 30 से कोसागुड़ा पहुंच मार्ग 3.86 करोड़, जिला मुख्यालय में लाईब्रेरी भवन 1.42 करोड़, आवासपारा रोड़ 59 लाख, 50 सीटर पोस्ट मेट्रिक हास्टल 2.51 करोड़ सहित 14 प्राथमिक शाला भवन निर्माण जो कि 20 लाख के थे उसे फिलहाल ब्रेक कर दिया गया है। इसी तरह आरईएस व अन्य विभागों मे भी 20 करोड़ के लगभग कार्यो पर वर्तमान सरकार के चलते रोक लगाने पर विभाग को मजबुर होना पड़ा है।

#### डीएमएफ मद से स्वीकृत कार्यो में कमीशनखोरी

सुकमा जिले में डीएमएफ मद से स्वीकृत करोड़ो के कार्यो में कमीशनखोरी ने सारे रिकार्ड तोड़ दिये। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम से 10 से 15 फीसदी कमीशन के बाद भी अधिकारियों के नाम पर 15 फीसदी अलग से कमीशन लिया जाता रहा है। सुत्रें के अनुसार कार्य स्वीकृत होने से पहले ही कमीशन तय हो जाता था कि किस कार्य में कितना कमीशन देना होगा। बताया जाता है कि उक्त कार्य जनप्रतिनिधियों के बंगले से शुरू होकर जिला निर्माण के कार्यालय में जाकर समाप्त होता था।

#### हो चुका था बंटवारा

डीएमएफ मद से सुकमा जिले में स्वीकृत करोड़ों के कार्य जिस पर भाजपा सरकार ने रोक लगाई है, उक्त सभी कार्यो का बंटवारा हो चुका था। सुत्रें ने बताया कि कई कार्यो के कमीशन तक ठेकेदार दे चुके है जो कि करोड़ों में है। एक ठेकेदार ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अगर कार्य यथावत प्रारंभ नहीं हुए तो जो कमीशन दिया गया है उसकी भरपाई होना मुश्किल है और दुबारा निविदा आमंत्रित किये जाने की स्थिति में उक्त कार्य में प्रतिस्पर्धा बढ़ जायेगी।

## खरीदी केंद्र में खपाया जा रहा ओड़िशा का धान

### कचनार केंद्र में लिया जा रहा है अधिक धान



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बकावंड



बकावंड विकासखंड अंतर्गत कचनार धान खरीदी केंद्र में किसानों से सूखत के नाम पर अधिक धान लिया जा रहा है। धान खरीदी केंद्र प्रभारी की मिलीभगत से ऐसा हो रहा है। जो किसान अतिरिक्त धान तौले जाने का विरोध करते हैं, उन्हें डराया जाता है। उनके धान को ज्यादा नमी वाला तथा गुणवत्ता विहीन बताकर रिजेक्ट कर दिया जाता है। ऐसे में दूर दराज के गांवों से धान बेचने पहुंचे किसान मजबूर होकर खरीदी केंद्र प्रभारी की बात मानने मजबूर हो रहे हैं। खरीदी केंद्र प्रभारी के रवैए को लेकर किसानों में नाराजगी देखी जा रही है। कचनार गांव ओड़िशा की सीमा से लगा हुआ है।

कचनार समेत आसपास के तथा ओड़िशा के गांवों में दर्जनों धान कोचिया सक्रिय हैं। स्थानीय कोचिए जरूरतमंद ग्रामीणों से 50 किलोग्राम से लेकर दो ढाई क्विंटल तक धान खरीद कर इकट्ठा कर लेते हैं और ज्यादा मात्रा में धान संग्रहित हो जाने पर उसे कचनार के खरीदी केंद्र में खपा देते हैं। इसी तरह ओड़िशा के कोचिए और व्यापारी वहां से ट्रेक्टरों व पिकअप वाहनों में भरकर लाए गए धान को इस खरीदी केंद्र में बेच लेते हैं। उनके धान को स्थानीय किसानों के नाम पर खरीदा जाता है। खरीदी केंद्र प्रभारी ललिता राव से चर्चा करने पर वह इस संवाददाता पर बिफर पड़ी और धमकाते हुए कहने लगीं कि आप हमारे धान खरीदी केंद्र में किसका परमिशन लेकर आए हो। खरीदी केंद्र प्रभारी अपने स्टॉफ और किसानों से भी अभद्र व्यवहार करती हैं। उनके इस बेरूखे व्यवहार से किसान व स्टाफ भी परेशान हैं। खरीदी प्रभारी ने यह भी कहा कि कोई भी आए पहले परिचय देते हैं उसके बाद खरीदी केंद्र में घुसने की इजाजत दी जाती है। बाद में थोड़ा नरम पड़ते हुए खरीदी केंद्र प्रभारी ने कहा कि थोड़ा बहुत तो झूकत लेना पड़ता है। बाद में धान सूख जाता है तो इसकी भरपाई कैसे होगी? वहीं जिला सहकारी बैंक के मैनेजर श्री पांडे ने अतिरिक्त धान तौले जाने के सवाल का कोई जवाब नहीं दिया।

#### पता करवाता हूं

सूखत की वजह से तय मात्रा में ही अतिरिक्त धान लिया जाता है। अगर कचनार खरीदी केंद्र में ज्यादा अतिरिक्त धान लिया जा रहा है, तो पता करवा लूंगा।

-श्री नायक,
लेम्पस प्रबंधक, कचनार

## प्याज व मटर 40 रूपए किलो में बिक रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



शहर के साप्ताहिक बाजार परिसर इन दिनों ठंड बढ़ने से सब्जियों से भर गया, इस रविवार को शहरीय के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार पहुंचे। बाजार में प्याज 40 रूपए एवं मटर 40 रूपए किलो बिक रहा है।

प्याज महंगा होने से गृहणियों का बजट प्रभावित हो रहा है, प्याज की आपूर्ति मुख्य रूप से महाराष्ट्र नासिक, अहमदानगर और इंदौर से हो रही है। टमाटर 20, फूलगोभी 50, पत्तागोभी 30-40, हरी मिर्च 60, भिंडी 100, भट्टा 60, बरबटी 60, भिंडी 80, करेला 80, आलू 25, अदरक 180, लहसून 180 रुपए किलो, लालभाजी, पालकभाजी एवं मैथी 20 रूपए में 8 जूड़ी बिक रही है।

## भाजपा की सरकार आने के बाद अपराधियों के हौसले बढ़े : विक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर



बीते शुक्रवार को नेलसनार में एक महिला की आग में जलने से हुई मौत की घटना को गंभीरता से लेते हुए बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने घटना की जानकारी लेने और शोक संतप्त परिवारजनों से मिलने शनिवार को स्वयं नेलसनार पहुँचे।

उन्होंने शोकसंतप्त परिवार से मिलकर ढाढ़स बँधाया और घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और घटना की संपूर्ण जानकारी लिया है। विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से प्रदेश में अपराधियों के हौसले बड़े है। वहीं दूसरी और प्रदेश की भाजपा सरकार अब तक मंत्री मंडल बनाने में ही उलझी हुई है। आम लोगों को सुरक्षा देने में भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम है। विधायक विक्रम मंडावी ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि नेलसनार में हुई घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही करे और पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और उचित मुआवजा दे।

## 195वीं बटालियन ने सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत आवश्यक सामग्रियों का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गीदम

195वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा थाना मालेवाही के ग्राम बोदली में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम-बोदली एवं आस-पास के गावों टेटम, सालेपाल और घोटिया के काफी संख्या में पुरूष एवं महिलाऐ तथा बच्चे सम्मिलित हुए। ग्रामीणों को सोलर लैम्प, सोलर स्ट्रीट लाईट, खेल-कूद का सामान, वाटर स्टोरेज टैंक, कम्बल, मच्छरदानी, छाता, फावड़ा व खेती करने का सामान का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों को देश और क्षेत्र के विकास योजनाओं की ताजा हालात से रूबरू कराने एवं भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे लाभान्वित योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा समाज के मुख्य धारा से भटके युवाओं को मुख्य धारा में लाने एवं हिंसा छोड़ शान्ति और विकास के रास्ते पर चलने के लिये ग्रामीणों को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजीव कुमार कमाण्डेंट 195 बटालियन द्वारा ग्रामीणों तथा नवयुवकों को हिंसा का मार्ग छोड़कर मुख्य धारा से जुडने तथा भारत सरकार द्वारा चलाये जा रही योजनाओं से लाभान्वित होने के बारे में जागरूक किया गया। सिविक एक्शन कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही तथा ग्रामीणों ने मौके पर उपस्थित सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों के कार्य की सराहना की। इस दौरान 195वीं बटालियन के सुभाष चंद प्रसाद द्वितीय कमान अधिकारी, सतीश सांगवान उप कमां एवं जफर आलम सहा कमा के साथ बटालियन के कई जवान भी उपस्थित रहे।



## ग्राम पंचायत बारदा में लोगों ने सुनी मन की बात

**बकावंड।** पीएम नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने हेतु कार्यक्रम का आयोजन भाजपा बकावंड मंडल के उपाध्यक्ष रामजी नायक की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत बारदा में किया गया। ग्रामीणों ने मोदी की बातों को ध्यान पूर्वक सुना और सराहा। इस दौरान किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य जितेंद्र पाणीग्रही, ग्राम पंचायत बारदा के सरपंच कमल मौर्य, उप सरपंच शसज्जन लाल, फालगू राम चौहान, घसुराम शैसिंग, सुरज चौहान, रेखा नायक, रामलाल चौहान, काशी नायक, सुकरु कश्यप, कैलाश पठेल, नरसिंह बधेल, एवं समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संकल्प शिविर में दिया गया प्रमाण पत्र और आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर




विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन रविवार को जिले के दस ग्राम पंचायत बस्तर विकासखंड के इच्छापुर-1, इच्छापुर-2, जगदलपुर विकासखंड के सरगीपाल, तुसेल, विकासखंड लोहंडीगुड़ा के सुलेंगा, मारीकोड़ेर, विकासखंड दरभा के कोयनार, छिंदबहार और विकासखंड बकावंड के मोहलाई नवीन, कींजोली में पहुंचकर शासकीय योजनाओं की जानकारी देने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीणों की उपस्थिति में राजस्व, खाद्य, कृषि, स्वास्थ्य, पशुधन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिया गया। स्कूली बच्चों के द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को विकसित भारत संकल्प की शपथ दिलवाई। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामों को ओडीएफ और स्वच्छता के लिए प्रमाण पत्र भी दिए, साथ ही पंचायत को शत-प्रतिशत डिजिटल भू अभिलेखीकरण का प्रमाण पत्र और पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत लाभान्वित हितग्राहियों ने योजना का लाभ लेकर हुए फायदा का अपनी कहानी को आम ग्रामीणों के साथ साझा किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा जनसाधारण को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल लगाया गया। जिसमें कृषि के साथ ही पशुपालन, मत्स्यपालन, उद्यानिकी के लिए किसान क्रेडिट कार्ड बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में आयुष्मान कार्ड प्रदाय, प्रधानमन्त्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र भरवाया गया। वहीं इन योजनाओं से चयनित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच करने के साथ ही दवाई वितरित की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक ने प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के संबंध में किसानों को जानकारी दी। इसके साथ ही हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं के तहत मिले लाभ से उनके जीवन में आए बदलाव की जानकारी मेरी कहानी-मेरी जुबानी को ग्रामीणों के साथ साझा की। इस दौरान जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के पंचायत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

- शासकीय योजनाओं का प्रचार वाहन पहुंचा दस ग्राम पंचायतों में

## 4 महीने में 10 हजार एचआर क्वाईल का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक एवं प्रमुख के. प्रवीण कुमार ने नववर्ष का संदेश देते कहा कि एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के लिए 2023 महत्वपूर्ण वर्ष रहा है। बस्तर को अपना एकीकृत इस्पात संयंत्र देने का हमारा बहुप्रतीक्षित सपना स्वतंत्रता दिवस पर ब्लास्ट फर्नेस के चालू होने और 24 अगस्त को एचआर क्वाईल उत्पादन शुरू होने के साथ पूरा हुआ। नगरनार में एकीकृत इस्पात संयंत्र अब 3 शिफ्टों में काम कर रहा है और इस्पात संयंत्र की सभी इकाइयां चौबीसों घंटे चालू हैं। एक एकीकृत इस्पात संयंत्र के लिए स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार, उत्पादन को धीरे-धीरे बढ़ाया जा रहा है ताकि हम 3 मिलियन टन का उत्पादन कर सकें जो कि हमारे प्लांट की निर्धारित क्षमता (रेटेड कैपेसिटी) है। कमीशनिंग के बाद से 4 महीनों में हमने पांच लाख टन से अधिक गर्म धातु और 2 लाख टन से अधिक लगभग 10 हजार एचआर क्वाईल का उत्पादन किया है। नगरनार स्टील प्लांट के एचआर क्वाईल को घरेलू बाजार में स्वीकृति मिल गई है। नगरनार में भारत के नवीनतम ग्रीन फील्ड स्टील प्लांट में उत्पादित एचआर क्वाईल की गुणवत्ता को उपभोक्ताओं द्वारा सराहा गया। अग्रणी उद्योगों के एचआर क्वाईल उपभोक्ताओं ने हमारे एचआर क्वाईल की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एनएमडीसी स्टील लिमिटेड के साथ समझौता पर हस्ताक्षर करने में रुचि दिखाई है। उन्होंने कहा कि 2024 में हमारा ध्यान उत्पादन को स्थिर करने, परिचालन को सुचारू बनाने और बाधाओं को दूर करने पर होगा। परिचालन दक्षता बढ़ाकर और रख-रखाव के मुद्दों को सक्रिय रूप से संबोधित करके कच्चे माल पर अपने खर्च को कम करने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। दिसंबर के मध्य से दोनों कन्वर्टर्स के संचालन के साथ, 2024 में हम स्टील मेल्टिंग शॉप में तरल स्टील के उत्पादन में समानुपातिक वृद्धि और हमारे थिन स्लैब कास्टर-हॉट ट्रिप मिल (टीएससी-एचएसएम) में एचआर क्वाईल उत्पादन में भी समानुपातिक वृद्धि की उम्मीद करते हैं। दैनिक उत्पादन में बढ़ोतरी से ग्राहक आधार को बढ़ाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही 2024 में एचआर क्वाईल के उच्च ग्रेड का उत्पादन करने की भी योजना बना रहे हैं। इन उपायों से 2024-25 में बेहतर प्राप्ति होगी और ब्रेकइवन पॉइंट प्राप्त करने में आसानी होगी।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

